मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय
उदयपुर

क्रमांक / मोलासुविवि / परीक्षा / 2018 / 299 दिनांक 12.02.2018

परीक्षा केन्द्राधीक्षक,
समस्त संघटक एवं सम्बद्ध महाविद्यालय,
____
____

महोदय / महोदया,

जैसा कि आपको विदित है कि विश्वविद्यालय की मुख्य परीक्षाऐं दिनांक 15.02.2018 से प्रारम्भ होने जा रही है। परीक्षा में आने वाली संभावित समस्याओं को त्वरित गति से दूर करने के लिए परीक्षा प्रारम्भ तिथि से परीक्षा समाप्ति तिथि तक परीक्षा विभाग व गोपनीय विभाग के अलग–अलग दो परीक्षा नियंत्रण कक्ष स्थापित किये गये हैं जिनमें विश्वविद्यालय के कर्मचारी व अधिकारी प्रातः 6.00 बजे से सांय 6.30 बजे तक तेनात रहेंगे।

प्रथम नियंत्रण कक्ष परीक्षा विभाग में स्थापित है जिसमें उत्तर–पुस्तिकाऐं, रोल नं., प्रवेश पत्र, परीक्षा आवेदन पत्र, परीक्षा संबंधी नियमों इत्यादि की जानकारी प्राप्त की जा सकती है, इसके टेलिफोन नं. 0294–2811731, 2471505, 2471506 हैं।

द्वितीय नियंत्रण कक्ष गोपनीय विभाग में स्थापित हैं जिसमें प्रश्न पत्र, उपस्थिति पत्रक व प्रश्न पत्रों में आने वाली संभावित त्रुटियों का निराकरण किया जायेगा। इस नियंत्रण कक्ष के टेलिफोन नं. 0294–2471010, 2471372 है।

उपर्युक्त नियंत्रण कक्षों के टेलिफोन व्यस्त होने पर विश्वविद्यालय द्वारा हेल्पलाईन नं. 0294–2471507, 2471508 पर भी आने वाली समस्याओं के निराकरण की व्यवस्था की गई है।

(डॉ. आर.सी. कुमावत)
परीक्षा नियंत्रक

<u>प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–</u>

1. कुलसचिव, मो.ला.सु.वि.वि., उदयपुर
2. वित्त नियंत्रक, मो.ला.सु.वि.वि., उदयपुर
3. परीक्षा नियंत्रक, मो.ला.सु.वि.वि., उदयपुर
4. निजी सचिव, माननीय कुलपति, मो.ला.सु.वि.वि., उदयपुर
5. परिणाम प्रभारी, मो.ला.सु.वि.वि., उदयपुर
6. समन्वयक, केन्द्रीय उड़न दस्ता, मो.ला.सु.वि.वि., उदयपुर
7. अनुभाग अधिकारी गोपनीय / परीक्षा विभाग, मो.ला.सु.वि.वि., उदयपुर।
8. श्री संजीव अग्रवाल, इन्चार्ज, इन्टरनेट केन्द्र, मो.ला.सु.वि.वि., उदयपुर को भेजकर लेख है कि उपर्युक्त को विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड़ करावें।
9. आई.टी.आई. इण्डिया लिमिटेड, न्यू दिल्ली।
10. विश्वविद्यालय हेल्प लाईन को भेजकर लेख है कि कृपया संबंधित परीक्षा केन्द्रों को ई–मेल द्वारा सूचित करावें।

(हरकेश मीना)
उप कुलसचिव(परीक्षा)